समाचार

# प्रदेश के सभी गोठानों में आदर्श व्यवस्थाएं बनाने संकल्पित है राज्य सरकार–राजस्व मंत्री

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने गोकुलनगर गोठान में की गोवर्धन व गोठान की पूजा)



कोरबा 29 अक्टूबर 2019–प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि प्रदेश के सभी गोठानों में आदर्श व्यवस्थाएं बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित हैं तथा इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महत्वपूर्ण योजना नरवा–गरूवा–घुरवा –बाड़ी योजना के तहत प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गोठानों का निर्माण कराया गया है, जहां गौमाता की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्थाएं बनाई गई है।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आज गोकुलनगर कोरबा स्थित गोठान में आयोजित गोवर्धन पूजा के अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा गोकुलनगर में निर्मित गोठान में आज नगर पालिक निगम कोरबा एवं छत्तीसगढ़ हेल्थ वेलफेयर सोसायटी के द्वारा गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस मौके पर गोवर्धन पूजा व गोठान की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विकास की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौवंश का योगदान सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, पशुपालन को

अर्थव्यवस्था से जोड़ने, लोगों को रोजगार दिलाने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास भी शासन द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि इस वर्ष शासन ने प्रदेश में 1800 गोठान बनाए हैं, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की इच्छा है कि आगामी वर्ष इससे 02 गुने ज्यादा गोठान बनाए जाएं। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा जिले में गोठानों का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत के द्वारा किया गया था, जिले के सभी गोठान आदर्श गोठान बने, इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में एक और गोठान बनाया जाएगा, जो गौशाला के रूप में भी संचालित होगा, इससे सड़कों पर गाय, बछड़े विचरण नहीं करेंगे तथा दुर्घटना का शिकार नहीं होंगे, साथ ही आमनागरिकों को भी आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने गोठान में गायों एवं बछड़ों को गुड के लड्डू व चारा खिलाया।

<u>गोकुलनगर गोठान की शुरूआत प्रदेश के प्रथम गोठान के रूप में</u>– इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की महत्वपूर्ण योजना नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के अंतर्गत गोकुलनगर में निगम द्वारा निर्मित यह गोठान प्रदेश के प्रथम गोठान के रूप में प्रारंभ हुआ था तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जी एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल जी के द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था। इस गोठान को आदर्श गोठान के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रस्ताव पर निगम द्वारा एक और गोठान का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा, जो गोठान के साथ–साथ गौशाला के रूप में भी संचालित कराया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद पालूराम साहू, कृष्णा द्विवेदी, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा एवं एम.एन.सरकार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, तपन तिवारी, अनिरूद्ध सिंह, योगेन्द्र देवांगन, देवेन्द्र स्वर्णकार, गोयल सिंह विमल, राणा मुखर्जी, दीपक साहू, गगन दीवान, पी.एन.मिश्रा, भोजराम देवांगन, रोहित कश्यप, कन्हैया शर्मा, अरूण यादव, देव जायसवाल, भरत पटेल आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।